## खबर संक्षेप



नारनौल। गांव में पहुंचने पर स्वागत करते हुए।

### 30 वर्ष की सेवा पश्चात कैप्टन राजेंद्र सिंह सेवानिवृत्त

**नारनौल।** देश की रक्षा में 30 वर्ष तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देने के बाद गांव बलाहा कलां निवासी कैप्टन राजेंद्र सिंह सेवानिवृत्त हो गए। कैप्टन राजेंद्र सिंह, सूबेदार सतपाल सिंह के पुत्र हैं। सेवानिवृत्ति के अवसर पर जब वह अपने पैतृक गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर गांव के बस अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिवारजन, मित्र और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सुमित्रा देवी की पदोन्नति होने पर हुआ समारोह

**महेंद्रगढ़।** उप स्वास्थ्य केंद्र सुरहेती जाखल में कार्यरत बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी सुमित्रा देवी के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य सुपरवाइजर के पद पर पदोन्नति होने उपरांत एक भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। स्वास्थ्यकर्मी वेदपाल एवं समाजसेवी मुकेश चौहान ने बताया कि सुमित्रा देवी ने उप स्वास्थ्य केंद्र सुरहेती जाखल में एएनएम के पद पर रहते हुए ग्रामीणों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं।

### कल होगा दूसरा सद्भावना सम्मेलन

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति की ओर से द्वितीय सद्भावना सम्मेलन का आयोजन रविवार को डॉ. आंबेडकर भवन में दोपहर 12:30 बजे किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता समिति प्रशासक डॉ. ओपी आर्य करेंगे, जबकि महेंद्रगढ़ के पूर्व उपायुक्त डा. रामभगत लांगयान एवं सेशन जज जरनैल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### एनएसएस शिविर का आयोजन

**सतनाली मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुरहेती पिलानिया में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार पारीक ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि ब्लॉक समिति उपप्रधान गीता देवी ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भाव, सहयोग, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है।

### शहर में निकाली जल संरक्षण रैली

**नांगल चौधरी।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सात दिवसीय आवासीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ समाजसेवी रमेश तंवर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या वंदना यादव ने की।

जिले के किसान अपनी आईडी जरूर बनवाएं

# किसानों का डिजिटल सशक्तीकरण: एग्रीस्टैक के तहत 35 हजार आईडी बनाई, किसानों को योजनाओं का लाभ लेना होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

हरियाणा सरकार प्रदेश के किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। जिला महेंद्रगढ़ में अब तक 35 हजार किसानों की एग्रीस्टैक के तहत आईडी बना दी गई है। जिले के किसान अपनी आईडी जरूर बनवाएं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि भारत सरकार और हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एग्रीस्टैक के तहत जिले के सभी किसानों के लिए अपनी विशिष्ट किसान आईडी बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने जिले के किसानों से कृषि तथा राजस्व विभाग की टीम का सहयोग करने की अपील की है, ताकि कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता और आधुनिकता का एक नया युग शुरू हो सके। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किया गया यह डिजिटल डेटाबेस किसानों के लिए भविष्य में किसी वरदान से कम नहीं होगा। इस आईडी के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, फसल बीमा, ऋण और मुआवजे का लाभ सीधे उनके खातों में बिना किसी देरी के प्राप्त होगा। सरकार की यह पहल बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर लाभ को सीधा किसान तक पहुंचाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जो किसान समय रहते अपनी आईडी नहीं बनवाएंगे, उन्हें भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। विशेष रूप से, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा।

#### डिजिटल डेटाबेस किसानों के लिए भविष्य में किसी वरदान से कम नहीं होगा

**कोई भी पात्र किसान इस पंजीकरण से वंचित न रहे: उपायुक्त**

हरियाणा सरकार की इस किसान-हितैषी नीति को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उपायुक्त ने राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे गांव-गांव जाकर शिविर लगाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र किसान इस पंजीकरण से वंचित न रहे। किसान अपने नजदीकी शिविर में आधार कार्ड और जमीन के कागजात (खसरा नंबर) जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ जाकर अपना पंजीकरण निःशुल्क करवा सकते हैं।

**लॉगिन और प्रोफाइल पूरा करें**

सत्यापन के बाद अपना मोबाइल नंबर और पासवर्ड सेट करें। लॉगिन करने के बाद **Register as Farmer** पर क्लिक करें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी (जैसे सामाजिक श्रेणी, पता आदि) की जांच करें। भूमि का विवरण जोड़ें। अपनी जमीन का विवरण (जिला, तहसील, गांव और खसरा/गाटा संख्या) चुनें। **Fetch Land Details** पर क्लिक करने पर आपकी जमीन का रिकॉर्ड दिखाई देगा। अपनी जमीन को चुनें और उसे अपनी प्रोफाइल से जोड़ें। ई-हस्ताक्षर और सबमिशन। सभी जानकारी भरने के बाद, घोषणा पत्र पर टिक करें। आधार ओटीपी के माध्यम से **e-Sign** करें। फॉर्म सबमिट करते ही आपको एक नामांकन आईडी मिल जाएगी।

**किसान खुद भी बना सकते हैं अपनी आईडी ये है स्टेप बाई स्टेप प्रक्रिया**

पोर्टल या ऐप का चयन करें। आप अपने राज्य के विशिष्ट फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल **https://hrfr.agristack.gov.in/farmer-registry-hr/#/** पर जाएं या **Farmer Registry** मोबाइल ऐप डाउनलोड करें। पोर्टल पर **Create New User** या **Login** विकल्प पर क्लिक करें, अपना आधार नंबर दर्ज करें। आपके आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा, उसे भरकर ई-केवाईसी पूरा करें।

**जल्द बनवाएं किसान आईडी**

डीडीए डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिला की टीमें इस लक्ष्य को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए प्रयासरत है, ताकि जिले का हर किसान सरकार की इन डिजिटल सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि अब तक पूरे देश में आठ करोड़ किसानों की आईडी बन चुकी है। ऐसे में किसानों को जल्द से जल्द अपनी आईडी बनवानी चाहिए।

पत्रकार स्व. टीसी प्रकाश की 93वीं जयंती मनाई

# टीसी प्रकाश स्मृति समारोह में 251 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

शेखावाटी के प्रसिद्ध साहित्यकार लेखक पत्रकार स्व. टीसी प्रकाश की 93वीं जयंती खेल मैदान शिमला में शुक्रवार को मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह थे। समारोह की अध्यक्षता सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार गर्ग ने की।

समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप नेहरा, मधुर यादव कोटपुतली, महान मूर्तिकार मातुराम वर्मा, डॉ. उमेश गुप्ता, बृजमोहन शर्मा हैदराबाद, डॉ. पूरणमल सुरोलिया, डॉ. उमराव सिंह यादव, डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता, राव ईश्वर सिंह, ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष कैलाश पांडे, पचेरी सरपंच ओमप्रकाश बोहरा, सिंघाना नगर पालिका अध्यक्ष विजय पांडे, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शकुंतला यादव, मोहनलाल यादव, डॉ. किशोरी लाल यादव थे।

सर्वप्रथम स्व. टीसी प्रकाश को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह को मातुराम वर्मा, पूरणमल सुरोलिया, ओमप्रकाश गुप्ता, उमराव सिंह यादव सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया। समारोह में 251 प्रतिभाओं को टीसी प्रकाश राष्ट्रीय गौरव अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन डॉ. अनिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया गया। गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल की ओर से 19 लोगों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया। पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ. रामकरण यादव, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा को नोबेल शांति पुरस्कार व डॉ. संदीप नेहरा, डॉ. रामानंद शर्मा, डॉ. उमराव सिंह यादव को ह्यूमैनिटी अवार्ड देकर नवाजा गया।

समारोह में गेटवेल हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 687 रोगियों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी। इस अवसर पर कायमगंज दिल्ली के प्रसिद्ध जादूगर एसके शर्मा व उनकी टीम ने बेहतरीन जादू के शो प्रस्तुत किए।


नारनौल। टीसी प्रकाश को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**टीसी प्रकाश हमारे आदर्श थे: डॉ. संदीप**

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि टीसी प्रकाश की स्मृति में उनके पुत्र डॉ. रामानन्द शर्मा 17 साल से नियमित यह भव्य आयोजन कर रहे है। उन्होंने समाज में रहकर पत्रकारिता व समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया। जिनकी याद को ताजा रखने के लिए यह भव्य आयोजन लगातार होता रहता है। डॉ. संदीप नेहरा ने कहा कि टीसी प्रकाश हमारे आदर्श थे। हमें उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए।

# एसपीजी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

एसपीजी आईएएस स्कूल में नव वर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने देशभक्ति, सामाजिक संदेश और मनोरंजन से भरपूर नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियां दी। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाकर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र राव ने कहा कि आप सभी का नया साल स्वास्थ्यवर्धक, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी रहे। उन्होंने कहा कि नया वर्ष नए लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें निष्ठा व परिश्रम से प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

**निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर होने का किया आह्वान**

उन्होंने विद्यार्थियों से अपने कर्तव्यों का पूर्ण मनोयोग से निर्वहन करने और निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। सीईओ रोहित यादव ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं।

## विधायक ओमप्रकाश यादव ने की राष्ट्रीय अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान विधायक यादव ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर बधाई दी और नववर्ष की मंगलकामनाएं दी। विधायक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि विगत बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी नेतृत्व ने उन्हें बिहार में प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी थी। उस समय उनकी ड्यूटी नितिन नबीन के विधानसभा क्षेत्र बांकीपुर में लगी थी। विधायक यादव ने कहा कि नितिन नबीन एक मिलनसार और जमीन से जुड़े नेता हैं। लगातार पांचवीं बार विधायक चुना जाना उनकी लोकप्रियता का प्रमाण है। उनके पिता भी लगातार सात बार बिहार विधानसभा से विधायक चुने गए थे। उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।


नारनौल। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मिलते विधायक ओमप्रकाश यादव। फोटो: हरिभूमि

### सरकार विधवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दे रही ऋण

**नारनौल।** प्रदेश सरकार विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए तीन लाख रुपये तक की ऋण योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से इस योजना के तहत जिन महिलाओं की वार्षिक आय तीन लाख रुपये या इससे कम है तथा जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष है, वह इस स्कीम का लाभ ले सकती हैं। बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा सब्सिडी के रूप में अदा की जाएगी।

## सूरज स्कूल के 31 विद्यार्थियों ने जीते अंतरराष्ट्रीय कॉमर्स ओलम्पियाड

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के कॉमर्स ओलम्पियाड़ में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने जोनल, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंक प्राप्त की। यह ओलम्पियाड़ केवल कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाता है, जो उन्हे भविष्य में चार्टड अकाउंटेंट व कंपनी सचिव जैसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। इस परीक्षा में छात्र दीपक ने 45वीं, प्रिंस व ममता ने 121वीं सपना नें 168वीं, प्रयास और कीर्ति ने 219वीं रैंक प्राप्त की। इनके अलावा अक्षित, भव्या, जतिन, ममता, अंजली, देव, जिया, लक्षिता, नैन्सी, प्रीतम, शिवम, श्लोक, सोनाक्षी, आकाश, अंशिका, दीक्षा, नितेश, अनुज, दिवेश, कुनाल, लकी, मुस्कान, प्रियांशु, पूरव, सूरज, विशेष सहित कुल 31 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करके अपने माता-पिता, क्षेत्र एवं स्कूल का नाम रोशन किया है। निदेशक संदीप प्रसाद ने सभी प्रतिभागी विजेता और उनकी तैयारी करवाने वाले विषय अध्यापक ललिता और मनीष मित्तल को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता के पीछे उचित मार्गदर्शन, समायोजित तैयारी और कड़ी मेहनत का योगदान होता है।



# स्वच्छता अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के एनएसएस स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर व उसके आसपास स्वच्छता ही सेवा है। अभियान के तहत अपना दूसरा एक दिवसीय कैंप लगाकर आसपास के क्षेत्र व मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों द्वारा मन लगाकर परिसर की सफाई, पेड़-पौधों की छटाई व निराई का काम किया। इस दौरान जिला कॉर्डिनेटर चरण सिंह की अनुपम उपस्थिति में कैंप का निरीक्षण किया व अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को साफ-सफाई के महत्व को भी समझाया। साथ ही एनएसएस स्वयंसेवकों के इस प्रयास की सराहना की।



महेंद्रगढ़। अभियान के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

**फलदार व छायादार पेड़-पौधे लगवाए**

कार्यक्रम अधिकारी अनूप यादव ने स्वयंसेवकों के साथ मिलकर मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में फलदार व छायादार पेड़-पौधे लगवाए। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह एक आदत और संस्कार है जिसे हमें अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। युवा शक्ति जब जागरूक होती है तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। स्वच्छ वातावरण न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह एक सभ्य समाज की पहचान भी है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने स्वयंसेवकों को बधाई दी।

### बाबा भोलागिरी आश्रम में भंडारा आयोजित



**नारनौल।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में छह जनवरी को एसडीएम कार्यालय के समक्ष प्रजा भलाई संगठन के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। उक्त घोषणा संगठन सुप्रीमो अतरलाल एडवोकेट ने शुक्रवार को खेड़ी तलवाना गांव के बाबा भोलागिरी आश्रम में आयोजित भंडारा में प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालुओं से विचार विमर्श करने के बाद की। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि पड़ोसी बांग्लादेश में चुन चुन कर हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं। उनके घरों में आग लगाई जा रही है। बहन, बेटियों, माताओं का अपहरण कर दुराचार किया जा रहा है। वहां हिन्दुओं का रहना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं पर अत्याचार के कारण हर भारतवासी में रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से तत्काल कारगर कदम उठाकर बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं की जान माल की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के लिए बांग्लादेश सरकार पर पूरा दबाव बनाने व राजनयिक कार्रवाई करने की मांग की।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संचालित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के दूसरे दिन विद्यालय परिसर में व्यापक सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह शिविर एनएसएस अधिकारी सुनील कुमार द्वारा प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह की देखरेख में सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। दूसरे दिन एनएसएस स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि विद्यालय परिसर से शुरू होने वाली सेवा गतिविधियां समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखती हैं। एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर के अंदर स्वच्छता अभियान चलाया। कक्षाओं, गलियारों, मैदान एवं खुले स्थानों की साफ-सफाई कर स्वच्छ विद्यालय का संदेश दिया गया।



महेंद्रगढ़। कैंप में श्रमदान करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

सफलता | 12वीं के हर्ष ने स्कूल रैंक एक हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में टैगोर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा आयोजित इंटर नेशनल इंग्लिश ओलंपियाड, इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड एवं इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इन अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा पांचवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में कक्षा पांचवीं के हार्दिक, नव्या, कार्तिक, छवि, वंशिका, सान्वी, विहान, यशमी एवं सुल्तान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में कक्षा 11वीं के अमन पुत्र नागेंद्र सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल रैंक-एक प्राप्त की, वहीं कक्षा 12वीं के हर्ष ने स्कूल रैंक एक हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त सभी विद्यार्थी राउंड दो के लिए क्वालीफाई हुए हैं। इसके अतिरिक्त, इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में अंग्रेजी विषय में अच्छा प्रदर्शन करने पर कक्षा छठी-बी के वंश व निष्ठा, कक्षा सातवीं की वंशिका, हिमांशी व ध्रुव, कक्षा आठवीं के मन्नू, खुशी व नैन्सी, कक्षा नौवीं के अक्षित तथा कक्षा 12वीं के मानविक को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र के साथ-साथ एसपीआर रिपोर्ट भी प्रदान की गई। निदेशक राहुल यादव, प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, उप प्रधानाचार्य सुनील कुमार एवं पीजीटी हेड निशांत शर्मा भी उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित**

वहीं इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कक्षा सातवीं के शुभम, कक्षा आठवीं की विधि एवं सूरज को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र एवं एसपीआर रिपोर्ट देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में उत्तम प्रदर्शन करने पर कक्षा 11वीं के दिक्षांत, प्रिया, आदित्य, कनिषा, अंशु, तनुशा एवं अक्षय तथा कक्षा 12वीं की ललिता, रूपसाना, हर्ष, गौरव, अंजलि, सुषमा एवं अनामिका को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र एवं एसपीआर रिपोर्ट प्रदान की गई।

**सार्वजनिक सूचना**

मै रणधीर पुत्र अमर सिंह वासी ग्राम राजपुरा, तहसील अटेली जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अभिषेक मेरे कहने सुनने से बाहर है और मेरा कोई कहना नहीं मानता है। इसलिए मै उसे अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

*आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन का अल्टीमेटम देकर जल्द निर्माण कराने की लगाई गुहार*

# तोताहेड़ी कारोता सड़क निर्माण में अवैध अतिक्रमण बना रुकावट, दो साल से जलभराव की परेशानी झेल रहे हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नांगल चौधरी

तोताहेड़ी कारोता सड़क निर्माण में अवैध अतिक्रमण रूकावट बना हुआ है। कच्चे रास्ते में करीब दो साल से जलभराव व फिसलन की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं। परेशान ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाकर जल्द निर्माण की गुहार लगाई थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते विकास कार्य अटके हुए हैं।

**सीएम विंडो शिकायत के बाद भी अटकी कार्रवाई**

तोताहेड़ी निवासी कदम सिंह पुत्र जिसुखराम ने डीसी को सौंपी शिकायत में बताया कि कारोता गांव से तोताहेड़ी तक कच्चे रास्ते का पक्का निर्माण स्वीकृत किया गया था, लेकिन निर्माण के दौरान ठेकेदार ने उनके घर से करीब 100 मीटर पहले ही अधूरा छोड़ दिया। जिससे न केवल योजना का उद्देश्य प्रभावित हुआ है, बल्कि ग्रामीणों को जलभराव की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान पानी जमा हो जाता है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। वहीं सड़क के उक्त हिस्से पर कुछ ग्रामीणों की ओर से अवैध कब्जा भी किया गया है, जिसके कारण आगे सड़क निर्माण करना संभव नहीं हो सकता। नक्शे के अनुसार उक्त सड़क की स्वीकृत चौड़ाई 22 फीट है, लेकिन कदम सिंह के घर तक सड़क की चौड़ाई मात्र आठ फीट रह गई और इसके आगे सड़क फिर से 22 फीट चौड़ी है। संकरी चौड़ाई और अवैध कब्जे के कारण भारी वाहन आगे नहीं जा पा रहे, जिससे निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। इस मामले में ठेकेदार सुभाष व जेई विक्रम का कहना है कि यदि ग्राम पंचायत की ओर से रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करा दिया जाए, तो सड़क का कार्य तुरंत पूरा कर दिया जाएगा। कब्जा हटवाने की जिम्मेदारी पंचायत की है।

## ये हाल है रास्ते का

### दो साल बीतने के बाद समाधान भी नहीं

पीड़ित कदम सिंह ने बताया कि अवैध कब्जे, सड़क निर्माण अटकने की शिकायत आठ जून 2023 को सीएम विंडो पर दर्ज कराई थी। जिसे करीब दो साल बीतने के बाद समाधान प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जलभराव की समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अभी भी स्थिति यथावत बनी रहने से ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है।



नांगल चौधरी। सड़क निर्माण अटकने से आम रास्ते में बनी जलभराव की स्थिति।

### अवैध कब्जों पर पंचायत ने अदालत में दर्ज कराया केस

सरपंच के प्रतिनिधि पवन कुमार ने बताया कि अवैध कब्जों के कारण करीब 400 मीटर सड़क निर्माण रूका हुआ है। शिकायतकर्ता समेत सभी कब्जाधारियों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस थमाए गए थे, लेकिन उन्होंने अमल नहीं किया। इसके बाद पंचायत ने अदालत में केस दायर करके अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। उन्होंने बताया कि अदालती फैसले के बाद ही सड़क का निर्माण शुरू हो पाएगा।

## खबर संक्षेप



### बुचावास में हुई बिजली कर्मचारियों की बैठक

**कनीना।** बिजली के सब डिविजन बुचावास में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बिजली निगम कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में विचार विमर्श करने के बाद सत्यवान यादव को हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन की ओर से वार्ता समिति का संवाहक नियुक्त करने पर खुशी जताई। कर्मचारियों ने पगड़ी व फूलमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। मंच का संचालन फोरमेन रमेश ने किया। बैठक की अध्यक्षता सतीश जेई ने की। इस मौके पर सचिव सुनील वर्मा, उपप्रधान दिनेश, सोमबीर, आलोक कुमार, बंशीराम, दीपक, सुनील, मुकेश, सपना, संजीत, जितेंद्र उपस्थित थे।

### गुरु रविदास महासभा की बैठक कल

**नारनौल।** गुरु रविदास महासभा के महासचिव अमर सिंह कटारिया ने बताया कि चार जनवरी प्रातः 11 बजे गुरु रविदास महासभा की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन महासभा के कार्यालय गुरु रविदास सभागार में किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता प्रधान बाबूलाल नारनौलिया करेंगे। बैठक में आगामी एक फरवरी को आयोजित होने वाली गुरु रविदास जयंती से जुड़ी अहम गतिविधियों को सर्वसम्मति से फाइनल करके सदस्यों को जिम्मेवारियां सौंपी।

## मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# मांगों को लेकर मिड-डे मील वर्कर्स ने किया जमकर प्रदर्शन

**न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जाए 10 माह की बजाय 12 महीनों का मानदेय दिया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

मिड डे मील कार्यकर्ता शुक्रवार को लघु सचिवालय पार्क में एकत्रित हुई। इस अवसर पर जिला प्रधान सुनीता की अध्यक्षता में सभा हुई। जिसका संचालन जिला सचिव सन्तोष यादव ने किया। सभा को एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह, जिला उपाध्यक्ष सन्तोष पालड़ी, ब्लॉक प्रधान माया, मधु, सुमन, अटेली ब्लॉक प्रधान प्रेमलता, कनीना प्रधान सुमित्रा, नांगल चौधरी निशा, पूर्व जिला प्रधान बिमला, मुकेश कुमार, मनीषा अटेली, एआईयूटीयूसी जिला सचिव छाजूराम रावत, राजपाल ने सम्बोधित किया। सभा पश्चात लघु सचिवालय पर सैकड़ों मिड डे मील कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया तथा मिड डे मील कर्मियों की लम्बित मांगों ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। जिसमें कहा कि मिड डे मील वर्कर गरीब महिलाएं, बेहद मामूली मानदेय पर सरकारी स्कूलों में खाना बनाने का काम करती है। आजीविका का यही एकमात्र स्त्रोत है। मंहगाई के हिसाब से यह मानदेय राशि सात हजार रुपये बेहद कम है, जिसे बढ़ाकर न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये किया जाए। इसके अलावा 10 माह की बजाय 12 महीनों का मानदेय दिया जाए। मिड डे मील कर्मियों को श्रमिक का दर्जा दिया जाए, केन्द्र सरकार की ओर से मिलने वाली एक हजार राशि का पिछले चार महीने का भुगतान नहीं हुआ है। ड्रेस की मिलने वाली राशि बेहद कम है, केवल 600 रुपये सालाना है, जिसे तीन हजार सालाना किया जाए। आंगनबाड़ी कर्मियों की तरह एकमुश्त दो लाख रुपये व सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष की जाए। यूनियन महासचिव कुसुम पांचाल को बहाल किया जाए।



नारनौल। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करती मिड डे मील वर्कर। फोटो : हरिभूमि

### मुख्य मांगें

- मानदेय हर माह की सात तारीख तक किया जाना सुनिश्चित किया जाए
- राज्य में लागू न्यूनतम वेतन तुरंत प्रभाव से दिया जाए
- सेवानिवृत्ति पर पांच लाख रुपये दिए जाए
- ड्यूटी से बाहर के कार्य न करवाया जाए
- सम्मानजनक व्यवहार किया जाए
- सुरक्षित रसोई बनवाई जाए
- गैस सिलेंडर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए
- आयुष्मान चिरायु योजना से जोड़कर मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाए
- मुख्यमंत्री समृद्धि योजना का लाभ प्रत्येक कुक को दिया जाए
- एक्स ग्रेशिया नीति लागू की जाए
- मिड डे मील का काम किसी भी निजी कंपनी को न सौंपा जाए
- 15 बच्चों पर एक मिड डे मील कुक की व्यवस्था की जाए
- मिड डे मील कुक को पेंशन पीएफ ग्रेच्युटी स्कीम में शामिल किया जाए
- शिक्षार्थियों की संख्या कम होने के कारण किसी भी कुक को न हटाया जाए
- बल्कि समायोजित किया जाए
- ड्रेस की मिलने वाली राशि तीन हजार सालाना किया जाए

# गोसेवा मंडल ने किया गोसेवकों को सम्मानित



नारनौल। कार्यक्रम में गोसेवकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- अतिथियों ने गोसेवकों को प्रोत्साहित करने के लिए पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

श्री अनाथ गोशाला में गोसेवा मंडल की ओर से चौथा गोसेवक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि हरियाणा गोरक्षा दल के अध्यक्ष आचार्य योगेंद्र महाराज थे। अध्यक्षता गोसेवा आयोग हरियाणा के उप प्रधान पूर्ण यादव ने की। इसके अलावा साध्वी कमलदीप दीदी, साध्वी जमुनापुरी, साध्वी गंगापुरी जींद व मंगलनाथ महाराज आदि भी मौजूद रहे।

गोसेवा मंडल के संस्थापक मुकेश वालिया ने बताया कि संस्था की ओर से हर वर्ष एक जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दौरान क्षेत्र में गोसेवकों सहित विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान गोशाला में सुबह हवन का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य नवीन शास्त्री ने मंडल के सभी सदस्यों से पूजन करवा आहुति डलवाई। इसके बाद आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों के साथ प्रधान सतपाल यादव ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद अतिथियों ने गोसेवकों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें स्मृति चिह्न व पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में नगर पार्षद व अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गोशाला में अन्नकूट का भी आयोजन किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर गोसेवा संघ के प्रधान अरुण कौशिक, गोशाला प्रधान आकाश यादव, व्यापार मंडल के प्रधान वैद्यकिशन व शिष्ठ, रमेश यादव, राजेश यादव, गजेंद्र नंबरदार, रमेश यादव, दिलीप सिंह, नितिन गुप्ता, सज्जन सिंह, सतीश शर्मा, सुरेश यादव, संतोष नीरपुर, सुनील यादव, उज्जैन पाल, अजीत यादव आदि मौजूद थे।

# खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम

- खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

गांव आकोदा में बाबा साध सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव ने शुभारंभ किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गांव-गांव खेल स्टेडियम, व्यायामशाल का निर्माण, खेल उपकरणों की उपलब्धता, खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति, नकद पुरस्कार तथा सरकारी नौकरियों में खेल कोटा जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना है, ताकि युवा खेलों के माध्यम से प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया।



महेंद्रगढ़। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

विधायक ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में खेलों की अहम भूमिका है। सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा और प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। विधायक कंवर सिंह यादव ने बाबा साध सेवा समिति को पांच लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम में बाबा साध सेवा समिति प्रधान तेजपाल, सरपंच नरेश, नरेश ठेकेदार, रणधीर सिंह आदलपुर, करण सिंह, इंद्रपाल मास्टर, नरेश, विजय, महेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## देसी कट्टा व कारतूस के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के जल महल स्थित हनुमान मंदिर के पास से एक युवक को अवैध देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान दीपक निवासी मोहल्ला बड़ का कुआं के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए गश्त के लिए सिंघाना रोड बाईपास पर मौजूद थी। पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि दीपक नाम का एक युवक जल महल के नजदीक हनुमान मंदिर के पास खड़ा है। सूचना के अनुसार आरोपित के पास अवैध हथियार था और वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ थाना शहर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# नववर्ष मिलन समारोह सामाजिक परंपरा

- व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कनीना

व्यापार मंडल की ओर से नववर्ष के उपलक्ष्य में वीरवार रात को विश्वकर्मा धर्मशाला में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत थे। विशिष्ठ अतिथि पंचायत समिति के चेयरमैन जेपी यादव, नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जेपी कोटिया, वाइस चेयरमैन दीपक गुप्ता, सिटी थाना इंचार्ज राकेश कुमार थे। एसडीएम ने कहा कि व्यापार मंडल की ओर से यह बेहतर प्रयास किया है, जो सामाजिक परंपरा का द्योतक है। व्यापार मंडल के प्रधान पूर्णचंद, उप प्रधान महेंद्र सेठ व महासचिव सुभाष यादव ने बताया कि पहली बार नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गणमान्यजनों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान अशोक कुमार, गौरी शंकर, एडवोकेट दीपक चौधरी, नरेश कुमार, हरिकिशन, विक्की पंसारी, राजसिंह, भीमसेन गोयल, सत्यनारायण, विनोद, सतीश गर्ग, विनीत बंसल, बजरंग लाल, राजेंद्र सिंह, राधेश्याम शर्मा, सुरेंद्र, बबलू, अशोक कुमार, प्रशांत यादव, नरेंद्र यादव, मुकेश नम्बरदार, रोहताश सिंह, पवन गोयल उपस्थित थे।



कनीना। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते व्यापारी।

## अटेली–कनीना मार्ग पर पेड़ से टकराई कार, दो घायल, लोगों ने एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया

**मंडी अटेली।** अटेली कनीना सड़क मार्ग पर सायं लगभग तीन बजे सलीमपुर के समीप एक अनियंत्रित कार पेड़ टकरा गई, जिसमें सवार दो युवक घायल हो गए। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर गांव वाले पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी लेकिन सूचना के बाद भी पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को उपस्थित लोगों ने एंबुलेंस से अटेली अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान मौके पर काफी देर तक अफरातफरी मची हुई थी।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।

नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल

फोन : 8295738500, 9253681005

## न्यायाधीश ने बापडोली में किया सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का उद्घाटन

# सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम से न्यायालयों का घटेगा बोझ: जज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा ने गांव बापडोली में सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी भी मौजूद थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा ने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का मुख्य उद्देश्य समाज में उत्पन्न होने वाले छोटे एवं मध्यम स्तर के विवादों का न्यायालय के बाहर, आपसी संवाद, समझौते और सहमति के माध्यम से शीघ्र, सरल एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। सामुदायिक मध्यस्थता न केवल वैकल्पिक विवाद समाधान की एक प्रभावी प्रक्रिया है, बल्कि यह सामाजिक संबंधों को बचाए रखते हुए न्याय प्रदान करने का मानवीय माध्यम भी है। इससे समय, धन और ऊर्जा की बचत होती है। वर्तमान समय में न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यदि नागरिक प्रारंभिक स्तर पर ही पारिवारिक विवाद, पति पत्नी के मतभेद, पड़ोस से संबंधित विवाद, भूमि सीमा विवाद, किराया, लेन देन व अन्य सामाजिक विवादों को सामुदायिक मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने की पहल करें, तो न्यायालयों पर पड़ने वाला अनावश्यक भार काफी हद तक कम किया जा सकता है। सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि सामुदायिक मध्यस्थता एक स्वैच्छिक, गोपनीय एवं सहमति आधारित प्रक्रिया है।



नारनौल। ग्रामीणों को जानकारी देते जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा। फोटो : हरिभूमि

### कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी

गांव बापडोली में सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र की शुरूआत की गई है। जिसमें पूर्व सरपंच राजबीर व धन्नाराम व बिल्लू समाजसेवी बतौर मध्यस्थ कार्य करेंगे। इनको हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सामुदायिक मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसके चरणों, लाभों तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अंत में उपस्थित जनसमूह से अपील की गई कि वे आपसी विवादों में टकराव के बजाय संवाद और समाधान का मार्ग अपनाएं तथा समाज में शांति, सहयोग एवं सौहार्द की भावना को मजबूत करें। कार्यक्रम में पीयूष व परमिंद्र, प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी, पंचायत अधिकारी, सरपंच राकेश अन्य अधिकारीगण व ग्रामीण उपस्थित थे।